प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 18.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

लोकसभा में आज अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री कैप्टन शुभांशु शुक्ला पर विशेष चर्चा होगी। इसमें साल 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम पर महत्वपूर्ण चर्चा होगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कैप्टन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के सफल मिशन के बाद स्वदेश लौट आए हैं और आज संसद में उनकी इस अंतरिक्ष यात्रा पर विशेष चर्चा के साथ उन्हें सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जिस तरह सभी सदस्यों ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में भाग लिया, उसी तरह सभी दल चर्चा में भाग लेंगे और कैप्टन शुभांशु शुक्ला और भारतीय वैज्ञानिकों को बधाई देंगे।

0000

केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि स्कूलों में छात्रों की सुरक्षा के मामले में सरकार किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगी। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में, श्री चौधरी ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तथा स्कूल बोर्डों को समय–समय पर दिशानिर्देश जारी किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने छात्रों की सुरक्षा और उनकी भलाई सुनिश्चित करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा है।

0000

महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन उप–राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए के उम्मीदवार बनाये गये है। जनता दल यूनाइटेड–जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने श्री राधाकृष्णन का समर्थन करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं है। गौरतलब है कि उपराष्ट्रपति चुनाव अगले महीने की नौ तारीख को होगा। चुनाव के लिए नामांकन बृहस्पतिवार तक भरे जा सकते हैं। श्री जगदीप धनखड के इस्तीफे के बाद यह चुनाव हो रहा है।

0000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज अजमेर के लोहागल से जनाना अस्पताल तक 20 करोड 28 लाख रूपए की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। इससे पहले कल श्री देवनानी ने जिले के कोटड़ा कृष्णा कॉलोनी में 30 लाख रूपए की लागत से बनने वाली सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया था। इस अवसर पर श्री देवनानी ने कहा कि कोटड़ा क्षेत्र में 29 करोड़ रूपये की लागत से सैटेलाइट अस्पताल बन रहा है। ये अस्पताल क्षेत्र में चिकित्सा संबंधी बड़ी आवश्यकताएं पूरी करेगा। उन्होंने कहा कि 50 बैड वाला ये अस्पताल गंभीर श्रेणी मरीजों के लिए वरदान साबित होगा। यहां सामान्य बीमारियों का उपचार, जांच और निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध होंगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अस्थायी भवन में अस्पताल शुरू कर दिया गया है।

0000

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा आज एक दिवसीय दौरे पर भरतपुर पहुंचे। आईजी कार्यालय पर उन्हें पुलिस की टुकड़ी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया। इसके बाद श्री शर्मा ने संभाग स्तरीय पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर कानून व्यवस्था की समीक्षा की।

0000

प्रदेश के कुछ जिलों में मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। बांसवाडा में भी रात को हल्की से मध्यम बारिश हुई। माही बांध में पानी की आवक बनी हुई है। हनुमानगढ में भी कल हुई बारिश से उमसभरी गर्मी से राहत मिली। इधर प्रदेश के पश्चिमी जिलों में मानसूनी हवाओं के कमजोर पड़ने से दिन के तापमान में बढोतरी हो गई है। पिछले 24 घंटों में जैसलमेर सबसे अधिक गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 40 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार अगले कुछ दिनों में दक्षिणी राजस्थान के कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है। विभाग ने आज राज्य के 27 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000

चूरु जिले के ददरेवा गांव में लोकदेवता गोगाजी का मेला आज सुबह विशेष आरती के बाद संपन्न हो गया। मेले में देश के कोने कोने से आये करीब तीन लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने गोगाजी के दर्शन किए।

0000